छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल
पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक /मु./तक./छ.ग.प.सं.मं./2021 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक / /2021

:: कार्यालय आदेश ::

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा Ease of Doing Bussiness के अंतर्गत आवेदन पत्रों का सरलीकरण, स्वीकृति/अनुमोदन हेतु वांछित प्रक्रियाओं के सरलीकरण, प्रक्रियाओं के लिए समय–सीमा का निर्धारण आदि के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये हैं। State Business Reform Action Plan, 2020 के अंतर्गत सुधारों के क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा निम्नांकित बिन्दुओं पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये जाते हैं :–

1. छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा निम्न प्रयोजन हेतु ऑनलाईन एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे :–
   - जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत स्थापना सम्मति, संचालन सम्मति एवं सम्मति नवीनीकरण।
   - परिसंकटमय अपशिष्ट (प्रबंधन एवं सीमापार संचलन) नियम, 2016 के अंतर्गत प्राधिकार एवं प्राधिकार नवीनीकरण।
   - जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अंतर्गत प्राधिकार एवं प्राधिकार नवीनीकरण।
   - ई–अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के अंतर्गत प्राधिकार एवं प्राधिकार नवीनीकरण।
   - अपशिष्ट प्लास्टिक नियम, 2016 के अंतर्गत पंजीयन एवं पंजीयन नवीनीकरण।
2. उपरोक्त वर्णित सेवाओं हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा उद्योग/संस्थान/परियोजना प्रस्तावक से भौतिक संपर्क को समाप्त किया जाता है। बिन्दु क्रमांक–1 में वर्णित प्रयोजनों के लिए निम्नानुसार ऑनलाईन सुविधा उपलब्ध कराई गई है :–
   - आवेदन प्राप्ति।
   - आवेदन शुल्क का भुगतान।
   - आवेदन की स्थिति की जानकारी।
   - अंतिम प्रमाण–पत्र के डाउनलोड की सुविधा।
   - तृतीय पक्ष सत्यापन।

उपरोक्त सेवाओं हेतु ऑनलाईन डैश बोर्ड में स्थापना सम्मति, संचालन सम्मति, सम्मति नवीनीकरण, प्राधिकार, प्राधिकार नवीनीकरण, पंजीयन एवं पजीयन नवीनीकरण के कुल आवेदनों की संख्या तथा उसके निराकरण की स्थिति साप्ताहिक/मासिक स्तर पर अपडेट की जाती है तथा इन आंकड़ों का माध्य/माध्यिका (Mean/Median) प्रदर्शित की जाती है। यह डैश बोर्ड पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक 8826 /मु./तक./छ.ग.प.सं.मं./2021 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 12/1 /2021

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
2. समस्त अधिकारी, मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायपुर / दुर्ग–भिलाई / बिलासपुर / रायगढ़ / कोरबा / अंबिकापुर / जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. प्रोग्रामर, मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर। निर्देशित है कि उपरोक्त व्यवस्था के नियमित संचालन हेतु सतत् निगरानी रखा जाना सुनिश्चित करें।
5. नोटिस बोर्ड।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

C:\Users\MS\Desktop\Ease Of Doing Bussiness.Doc